# पुलिस ने 25 लाख की चोरी का 24 घंटे में किया खुलासा

- मालिक के ड्राइवर ने ही साथी के साथ मिलकर कार से चुराई थी नकदी
- दोनों आरोपियों को पुलिस ने पचमढ़ी से किया गिरफ्तार
- 24 लाख नकद और वारदात में इस्तेमाल कार जब्त



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लसूड़िया पुलिस ने 25 लाख रुपए की चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए फरियादी के ड्राइवर और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया. दोनों आरोपी चोरी की रकम लेकर पचमढ़ी भाग गए थे. पुलिस ने उनके पास से 24 लाख रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल हुंडई औरा कार जब्त की है.

निपानिया में एक अस्पताल के संचालक मनीष संघवी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि घर के बाहर खड़ी कार में रखे 25 लाख रुपए नकद और कार की दोनों चाबियां चोरी हो गई हैं. शक उनके ड्राइवर पर था. प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्य जुटाए. जांच में ड्राइवर अपने साथी के साथ कार में जाते हुए दिखाई दिया. साइबर विश्लेषण से दोनों के पचमढ़ी में होने की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने पहले से योजना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.

### महंगे शौक पूरे करने के लिए की थी चोरी

उनका इरादा चोरी की रकम से महंगे शौक पूरे करने और ऐशो-आराम की जिंदगी जीने का था. पुलिस ने आरोपियों से 24 लाख रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल हुंडई औरा कार जब्त कर ली है. दोनों आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है. मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है. मामले में थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को पचमढ़ी से गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों से 24 लाख रुपए नकद और वारदात में उपयोग कार बरामद कर विस्तृत जांच की जा रही है.

# साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में 16 लाख से ज्यादा की ठगी

- साइबर ठगों ने व्यापारी और गृहणी को बनाया शिकार
- व्यापारी को सस्ते लैपटॉप का झांसा देकर 1.80 लाख ठगे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में साइबर ठगी के दो अलग अलग मामलों में बदमाशों ने एक कंप्यूटर व्यापारी और एक गृहणी को निशाना बनाकर 16 लाख 19 हजार रुपए से अधिक की चपत लगा दी. तुकोगंज और एरोड्रम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

तुकोगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कंप्यूटर कारोबारी को वॉट्सऐप पर सस्ते दाम में लैपटॉप उपलब्ध कराने का झांसा दिया. आरोपी ने खुद को एक कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए दिल्ली में माल रखा होना बताया. परिचित के माध्यम से माल की पुष्टि होने का भरोसा मिलने पर कारोबारी ने बताए गए बैंक खाते में 1.80 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए. रकम भेजने के बाद न तो लैपटॉप मिले और न ही आरोपी से संपर्क हो सका. बाद में पता चला कि पूरा सौदा फर्जी था और साइबर ठग ने वॉट्सऐप के जरिए धोखाधड़ी कर रुपए हड़प लिए.

### संदिग्ध लिंक पर क्लिक करते ही गृहणी के खाते से 14.39 लाख उड़ाए

एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक गृहिणी के मोबाइल पर आए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करते ही साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते तक पहुंच बना ली. कुछ ही देर में 14 अलग अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 14 लाख 39 हजार रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए. खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलते ही बैंक से संपर्क कर खाता फ्रीज कराया और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई. दोनों मामलों में एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह का कहना है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बैंक खातों और तकनीकी साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है, साइबर ठगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

# बाइक को टक्कर मार महिला को 20 फीट तक घसीटा, मौत

- एमआर 10 ब्रिज पर तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एमआर 10 ब्रिज पर गुरुवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में रैपिडो बाइक से घर लौट रही महिला की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया. तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद महिला कार के नीचे फंस गई और करीब 20 फीट तक घिसटती चली गई. हादसे के बाद कार चालक भाग निकला, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.**

नंदानगर निवासी 40 वर्षीय महिला फैक्ट्री से काम खत्म कर रैपिडो बाइक से घर लौट रही थी. एमआर 10 ब्रिज पर पीछे से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है.

### अलग-अलग हादसों में कुक, युवक और मासूम की भी गई जान

वहीं, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर जा रहे एक होटल कर्मी की कार की टक्कर से मौत हो गई. वह बाइक से होटल जा रहा था, तभी कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया. इसी तरह लसूड़िया क्षेत्र में एक ट्राले की टक्कर से एक युवक की जान चली गई. वहीं किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सांतेर में घर के पास बनी पानी की हौद में गिरने से एक मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

इंदौर. एबी रोड पर मानपुर के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार दंपती सड़क पर जा गिरे, जिसमें महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया. पुलिस के अनुसार, बाइक से एबी रोड होते हुए जा रहे दंपती को मानपुर स्थित शराब दुकान के सामने पीछे से आए कंटेनर ने टक्कर मार दी. हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पति का उपचार जारी है. वहीं, सांवेर थाना क्षेत्र में इंदौर उज्जैन रोड स्थित ग्राम तराना के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

# चिटफंड और बीसी के नाम पर लाखों की ठगी, 3 पर केस दर्ज

- एक दर्जन से ज्यादा लोगों और व्यापारियों को लगाया चूना
- निवेश के नाम पर रकम लेकर नहीं लौटाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** चिटफंड और बीसी (कमेटी) के नाम पर लोगों से लाखों रुपए लेकर हड़पने के मामले में क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया है. आरोप है कि आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक लोगों और व्यापारियों से निवेश के नाम पर बड़ी रकम ली, लेकिन समय आने पर भुगतान नहीं किया. मामले में लंबे समय से शिकायतें मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच उपरांत 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि वर्ष 2022 से आरोपियों ने बीसी फंड संचालित कर लोगों से लाखों रुपए जमा कराए. फंड की राशि किश्तों में निकालने के बाद सदस्यों को भुगतान नहीं किया. शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि रुपए वापस मांगने पर टालमटोल की गई और दबाव बनाने पर आत्महत्या कर फंसाने तक की धमकी दी गई. जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने कई लेन देन नकद किए और ऑनलाइन भुगतान से बचते रहे. जांच के दौरान यह भी पता चला कि चूड़ी कारोबार से जुड़े एक व्यापारी से करीब 29 लाख रुपए लिए थे. इसके अलावा अन्य व्यापारियों और निवेशकों से भी लाखों रुपए लेकर भुगतान नहीं किया.

### आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में पूर्व में भी 40 से अधिक शिकायतें पहुंची

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को बातचीत की रिकॉर्डिंग और अन्य दस्तावेज भी उपलब्ध कराए हैं. आरोपियों के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में 40 से अधिक शिकायतें दी गई थीं. कार्रवाई नहीं होने पर मामला क्राइम ब्रांच पहुंचा, जहां जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. मामले में डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. मामले में वित्तीय लेन देन और अन्य शिकायतकर्ताओं की जानकारी जुटाई जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### जलभराव से परेशान गोयल एवेन्यू कॉलोनीवासी



**इंदौर.** वार्ड नं 36 के झोन नं. 8 अंतर्गत आने वाली गोयल एवेन्यू कॉलोनी के रहवासी मुख्य सड़क पर जलभराव की समस्या गंभीर समस्या से काफी परेशान हैं. कॉलोनी के आम रास्ते से लगभग 200 परिवारों का आना-जाना है. ऊबड़-खाबड़ इस सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. यहां पर पानी का भराव इतना रहता है कि पैदल तो दूर टू व्हीलर से जाने में भी परेशानी आती है. स्कूल आते-जाते बच्चे भी कई बार गड्ढों में गिर जाते हैं. रहवासी इस संबंध में नगर निगम अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ है. यह कॉलोनी वार्ड नं 36 के झोन नं. 8 में आती है. रहवासियों ने जलभराव की इस समस्या का शीघ्रअतिशीघ्र निराकरण करने की मांग की है.

### अमरनाथ यात्रा पर जाने वाली महिलाओं का सम्मान



**महू.** सर्व ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा शहर में एक गरिमामयी समारोह आयोजित कर अमरनाथ यात्रा पर जाने वाली महिला श्रद्धालुओं का रवाना किया गया. यह दल आगामी 5 जुलाई को पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना होगा. कार्यक्रम में मंडल की सचिव आरती शर्मा, दीपा पाठक एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. रीता उपमन्यु सहित विनीता शर्मा, अंजलि शर्मा, शोभा व्यास, स्मृति दुबे, रानू मिश्रा, मंजू तिवारी और अर्चना मिश्रा ने यात्रा पर जाने वाली महिलाओं का शॉल एवं माला पहनाकर स्वागत किया. समिति सदस्यों ने सभी तीर्थयात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं. मंडल की पदाधिकारियों ने कहा कि अमरनाथ जैसी अत्यंत कठिन, दुर्गम और साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करना गहरी श्रद्धा, साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है. महू शहर की यह महिलाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं. यात्रा पर जाने वालीं स्वाति शर्मा, रचना विजयवर्गीय, रीना सैनी, अंजलि शर्मा, उषा विजयवर्गीय एवं मिनी जोशी का मंडल द्वारा विशेष सत्कार किया गया. कार्यक्रम का समापन सुमधुर भजनों और सामूहिक भोज के साथ हुआ.

### रेलवे ओवरब्रिज हुआ जानलेवा,हादसे का अंदेशा

**महू.** किशनगंज रेलवे ओवर ब्रिज इस समय वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है. ब्रिज पर लगी अनेक जॉइंट प्लेट्स की वेल्डिंग पूरी तरह टूट चुकी है, जिसके चलते यहां से वाहनों के गुजरने पर जोर से डरावनी आवाजें आ रही हैं. इसके साथ ही जॉइंट प्लेट्स के ऊपर बिछी डामर की परत भी उखड़ गई है, जिससे हादसे का ग्राफ बढ़ गया है. बस ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने एक बयान में बताया कि इस महत्वपूर्ण रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण पाथ इंडिया कंपनी महू एवं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ द्वारा किया गया था. लेकिन वर्तमान में इसकी देखरेख न होने से स्थिति बदतर हो चुकी है. उन्होंने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यदि इस ब्रिज की अतिशीघ्र तकनीकी मरम्मत नहीं की गई, तो यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है. जॉइंट्स के कमजोर होने और लगातार भारी वाहनों के दबाव से ब्रिज के मुख्य ढांचे को भी बड़ा नुकसान पहुंच सकता है, जिससे जान-माल की भारी क्षति होने का अंदेशा है. प्रशासन तुरंत ध्यान दे. उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासनिक अमले से विशेष रूप से ध्यान देने का आग्रह किया है. उन्होंने मांग की है कि यात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तुरंत जॉइंट्स प्लेट्स की मरम्मत और वेल्डिंग का कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवाया जाए, ताकि किसी भी संभावित अनहोनी को टाला जा सके.

## सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी

इंदौर. किशनगंज थाना क्षेत्र की सन सिटी कॉलोनी में सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है. फरियादिया चंदा सैनी की शिकायत पर पुलिस ने माहुल निवासी अकोलिया, जिला धार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादिया ने पुलिस को बताया कि बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और दो चांदी के कड़े, सोने की नाक की लौंग तथा दुकान की गल्ले में रखे करीब 10 हजार रुपए नकद सहित लगभग 30 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गया. थाना प्रभारी अमित कुमार का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# सूने मकान से चांदी के जेवर उड़ाने वाले बदमाश गिरफ्तार

- आरोपियों से दो लाख का माल भी हुआ बरामद
- दो आरोपियों में एक नाबालिग है शामिल

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. सुदामा नगर में सूने मकान में हुई नकबजनी का खुलासा करते हुए एक शातिर बदमाश और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब दो लाख रुपए कीमत के चोरी गए चांदी के सिक्के और आभूषण और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है. मुख्य आरोपी के खिलाफ पहले से भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं.



मंगलवार 30 जून को सुदामा नगर निवासी रूपेश साहू ने अन्नपूर्णा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सोमवार 29 जून की रात वह परिवार के साथ शहर से बाहर गए हुए थे. इसी दौरान बदमाशों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. फुटेज में आरोपी मोटरसाइकिल से आते और वारदात के बाद उसी वाहन से फरार होते दिखाई दिए. इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और पुराने संपत्ति अपराधियों की पड़ताल के आधार पर घेराबंदी कर गौरव भलसे और उसके नाबालिग साथी को पकड़ लिया.

**मुख्य आरोपी पर पहले से भी दर्ज हैं अपराध**-मुख्य आरोपी गौरव भलसे के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से भी चोरी और संपत्ति संबंधी अपराध दर्ज हैं. मामले में थाना प्रभारी हितगोपाल यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया. उससे अन्य नकबजनी और चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

### परिचित से बाइक मांगकर दिया था वारदात को अंजाम

पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली. उनकी निशानदेही पर 15 चांदी के सिक्के, 10 जोड़ी बिछुए, चार चांदी की चूड़ियां, दो जोड़ी पायल, एक चांदी का बिस्किट तथा वारदात में उपयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई. बरामद मशरूका की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपए बताई गई है. आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए परिचित से मोटरसाइकिल लेकर उसका इस्तेमाल किया था.

## प्रतिबंधित फायरिंग रेंज में बिना अनुमति घुसी जेसीबी

इंदौर. खुडैल पुलिस ने सनावदिया स्थित दतूनी फायरिंग रेंज के प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति जेसीबी लेकर प्रवेश करने के मामले में चालक जितेंद्र ठाकुर निवासी उमरियाखुर्द के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सबउप निरीक्षक योगेन्द्र शर्मा और दुर्गेश विश्वकर्मा का कहना है कि जब वह फायरिंग रेंज में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान गश्त कर रहे थे तभी हनुमान मंदिर के पास पीले रंग की जेसीबी को खुदाई करते देखा. पूछताछ में चालक अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका. इसके बाद जेसीबी को चौकी लाकर चालक से पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया. इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई.

# विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री

**इंदौर. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत मानपुर पुलिस ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए तथा विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई.**



कार्यक्रम में थाना प्रभारी महेंद्र मकाश्रे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को ओटीपी, यूपीआई, केवाईसी अपडेट और फर्जी लिंक के जरिए होने वाली साइबर ठगी के तरीकों से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि ओटीपी, सीवीवी और यूपीआई पिन किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें, केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाली संदिग्ध कॉल से सतर्क रहें और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें. किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई. कार्यक्रम में शिक्षिका कल्पना गुप्ता, कविता पाटिल, कविता पाटीदार, ममता साहू, जन शिक्षक गुलाब झलने सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सुभाष, धर्मेंद्र जाट, अनुराग चौधरी, मूलचंद जाट, सतीश जाट तथा थाना मानपुर का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा. कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई.

# पति द्वारा धमकाने और छात्राओं का पीछा करने के 3 मामले दर्ज

- तीनों मामलों में पुलिस ने शुरू की जांच

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं और छात्राओं को धमकाने, प्रताड़ित करने और पीछा करने के तीन मामले सामने आए हैं. खजराना, परदेशीपुरा और जूनी इंदौर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

खजराना पुलिस ने 35 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके पति बबलू शेख निवासी अनारबाग और उसके साथी जाकिर पटेल निवासी नागदा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. महिला का आरोप है कि पति पिछले दो माह से उससे अलग रह रहा है और फोन पर लगातार गालियां देकर धमका रहा है. उसे कहीं रहने लायक नहीं छोड़ने और अंगभंग करने की धमकी देता है. थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, आरोपी से पूछताछ की जा रही है. वहीं, परदेशीपुरा थाना पुलिस ने बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा की शिकायत पर अभिषेक गौड़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. छात्रा ने पुलिस को बताया कि इंस्टाग्राम पर पहचान होने के बाद आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे ठुकराने पर वह लगातार फोन कर परेशान करने लगा.

### 12वीं की छात्रा को स्कूल आते-जाते परेशान कर रहा युवक


जूनी इंदौर पुलिस ने 12वीं की छात्रा की शिकायत पर जयप्रकाश तिवारी के खिलाफ पीछा करने और परेशान करने का मामला दर्ज किया है. छात्रा का आरोप है कि आरोपी पिछले दो माह से स्कूल आते-जाते समय लगातार उसका पीछा कर रहा था. इसकी जानकारी परिजनों को देने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह का कहना है कि तीनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

**एक नजर में** — सड़क चौड़ीकरण, सिर्फ विकास नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के विस्थापन और पुनर्वास से जुड़ गया है

# चंदननगर वासियों की दो टूक... पहले पुनर्वास फिर सड़क चौड़ीकरण

**इंदौर.** सड़क चौड़ीकरण से पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का मुद्दा, विकास और मानवीय दृष्टिकोण के बीच एक बड़ा संतुलन है. इंदौर नगर निगम को सड़क विकास कार्यों के दौरान प्रभावित नागरिकों को मुआवजा और राहत देने के लिए टीडीआर और अन्य योजनाओं का विकल्प प्रदान करने का प्रावधान होता है. धार रोड स्थित चंदन नगर में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण और लिंक रोड का मामला अब केवल यातायात सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि सैकड़ों परिवारों के विस्थापन और पुनर्वास से जुड़ गया है.

धार रोड स्थित वार्ड 1 के चंदन नगर से कालानी नगर (एयरपोर्ट रोड) को जोड़ने के लिए लगभग 20 से 25 करोड़ की लागत से 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण प्रस्तावित है. यह सड़क चौड़ीकरण अब सिर्फ विकास का नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के भविष्य का सवाल बन गया है. इस परियोजना की जद में 500 से अधिक निर्माण (घर और दुकानें) आ रहे हैं. क्षेत्रवासी इस बात का पुरजोर विरोध कर रहे हैं कि उनके मकान तोड़े जाने से पहले नगरनिगम के पास वैकल्पिक आवास या फ्लैट उपलब्ध नहीं हैं. सड़क चौड़ीकरण को लेकर इंदौर नगर निगम मास्टर प्लान के तहत लगातार कदम उठा रहा है, लेकिन रहवासियों की मांग है कि उन्हें उजाड़ने से पहले बसाया जाए. सवाल यह है कि जब तक फ्लैट बनेंगे, तब तक ये परिवार कहां रहेंगे? क्या वे किराए का अतिरिक्त बोझ उठाने को मजबूर होंगे या फिर बेघर होकर सड़कों पर रहेंगे? क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य का समर्थन किया है, लेकिन दो टूक कहा है कि पहले पुनर्वास फिर सड़क चौड़ीकरण. जब तक रहने की पक्की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक किसी भी कीमत पर कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी.




### यह बोले रहवासी...



हम भी चाहते हैं विकास हो, चंदन नगर के रहवासी भी विकास में साथ हैं, लेकिन प्रभावितों के पुनर्वास की कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है. यहां अधिकांश मजदूर वर्ग के लोग हैं, कहां जाएंगे.

**- मजहर मंसूरी**



कई मकान ऐसे भी हैं, जो 40 फीट में भी पूरे टूट रहे हैं, जिससे पूरा परिवार सड़क पर आ जाएगा. ऐसे में उनके सामने रहने बसने की समस्या खड़ी हो जाएगी, इसका निराकरण होना चाहिए.

**- मोइनुद्दीन**



पार्षद द्वारा महापौर से चौड़ीकरण और मुआवजे की बात की गई थी, सबका विकास सबका साथ जैसा कार्य किया जाए, इससे लोगों का रोजगार भी रहेगा और सर पर छत भी होगी.

**- मोहम्मद साबिर खान**



मुझे 45 वर्ष हो चुके हैं यहां रहते हुए. कार्रवाई के बाद दोबारा शुरुआत करना इतना आसान नहीं है. सड़क की चौड़ाई 60 की बजाय 40 फीट रखी जाए, जिससे सबको सुविधा होगी.

**- अब्दुल जावेद खान**

#### पार्षद बोलीं... महिलाएं-बच्चे सड़क पर लेटकर करेंगे प्रदर्शन



निगम के पास इतने फ्लैट ही नहीं हैं, भविष्य का आश्वासन हमें मंजूर नहीं, पहले सभी प्रभावितों का पुनर्वास करें फिर कार्रवाई करें, वरना महिलाएं और बच्चे सड़क पर लेटकर विरोध करेंगे.

**- फातिमा खान, पार्षद**